
**बुधवार**
05 जुलाई 2023



**पृष्ठ 4**

**इयरफोन, कहीं गंभीर समस्या का कारण ना बन जाए!**



**पृष्ठ 5**

**ऋतिक रोशन ने जारी किया फाइटर का पहला लुक**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 151
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुखी होता है।

— अज्ञात

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# बारिश के पानी में तैरता दिखा दून स्मार्ट सिटी





विशेष संवाददाता

देहरादून। जिधर देखो पानी ही पानी कहां-कहां सड़क है और कहां नाली, कहां खेत है और कहां खलियान, कहां गटर है और कहां गड्ढा कुछ भी पता लगना मुश्किल। दून वासियों ने शायद इससे पहले कभी अपने शहर को पानी में तैरते कभी नहीं देखा होगा। अपने स्मार्ट सिटी को देखकर ऐसा लगता है कि मानो किसी सरोवर में कोई शहर तैर रहा हो।

मौसम विभाग द्वारा बीते कल ही सूबे के 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया था, जिसमें दून भी शामिल था। मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी सच साबित हुई तो स्मार्ट सिटी का हाल कुछ ऐसा हुआ कि शहर की सड़कें नदियां बन गई। गली-मोहल्ले और बाजारों में पानी ही पानी हो गया और लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया तथा जो लोग बाहर निकले उनका क्या हाल हुआ? वह हैरान करने वाला था। शहर में सड़कों पर जगह-जगह वाहन फंस गए और जाम लग गया।

**❑सड़कें बनी नदियां, फंसे वाहन, लगा जाम**
**❑गली-मोहल्ले और बाजारों में पानी ही पानी**
**❑राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल पर भी भरा पानी**

रिस्पना पुल के पास कई कार पानी में डूब गई और पानी भरने से बंद हो गई जिन्हें बाहर निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। 2 घंटे तक रास्ता जाम रहा और झमाझम बारिश के बीच लोग जाम में फंसे रहे।

यह हाल किसी एक जगह का नहीं रहा बात चाहे घंटाघर की हो या फिर आईएसबीटी की, डालनवाला की हो या रायपुर की अथवा पलटन बाजार की, हर जगह जलभराव और जलजमाव की स्थिति से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राज्यपाल गुरमीत सिंह आज एक स्कूल हॉस्टल के उद्घाटन कार्यक्रम में गए तो यहां स्थिति ऐसी देखने को मिली कि पूरा कार्यक्रम स्थल जलमग्न हो गया। जिस मंच पर राज्यपाल मौजूद थे वहां मंच के नीचे एक फिट पानी भरा था और जहां सुनने के लिए लोग बैठे वहां भी पानी भरा हुआ था।

पूरे शहर में वाटर लॉकिंग कि ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि पूरा शहर जलमग्न हो गया। नगर निगम द्वारा नालियों की सफाई व्यवस्था के नाम पर जो खानापूर्ति

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# एसटीएफ ने 25000 का ईनामी गौ तस्कर को किया गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस कर्मियों पर गाडी चढाकर कुचलने का प्रयास करने वाले तीन माह से फरार 25 हजार की ईनामी गौ तस्कर को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है।



**❑पुलिस कर्मियों पर गाड़ी चढ़ाकर कुचलने का प्रयास भी किया था**

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गत रात्रि सीओ एसटीएफ सुमित पांडे द्वारा प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित एसटीएफ टीम के द्वारा 03 दिन तक चले ऑपरेशन के बाद थाना पुलभट्टा, जनपद ऊधम सिंह नगर से फरार 25 हजार रुपये के ईनामी अपराधी युनुस पुत्र बुन्दन निवासी वार्ड शेरगढ़ थाना शेरगढ़ जनपद बरेली उ.प्र. को थाना शेरगढ़ क्षेत्र बरेली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ईनामी अपराधी थाना पुलभट्टा से धारा 307 आईपीसी व गौकशी के मुकदमें में वाँछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल 2023 को पुलभट्टा पुलिस द्वारा एक मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें युनुस व उसके 3 साथियों के द्वारा 02 गाड़ियों से गौमांस की तस्करी की जा रही थी, जब पुलभट्टा पुलिस के द्वारा इन्हें शंकर फार्म कट के पास हाइवे में रोकने के प्रयास किया गया तो इनकें द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस पार्टी बाल-बाल बच गयी, पुलिस द्वारा घेराबन्दी कर दोनों गाड़ियों को रोक लिया था जिसमें एक अलीम मौके पर ही तंमचे के साथ पकड़ा गया था बाकी उसके तीन साथी मौके से भागने में कामयाब रहे थे। पकड़े गये दोनों वाहनों से कुल 05 कुन्तल गौमांस बरामद हुआ था, तभी से युनुस फरार चल रहा था,

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में वकीलों की आपसी बहस के बाद हुई फायरिंग

नई दिल्ली। दिल्ली की कोर्ट में एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। तीस हजारी कोर्ट में वकीलों की आपसी बहस और झगड़े के बाद गोलीबारी हुई है। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हवाई फायरिंग की जा रही है। हालांकि तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।



इससे पहले अप्रैल महीने में साकेत कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बावजूद एक शख्स ने महिला पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी थीं, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया था। वकीलों ने बताया था कि महिला किसी केस के सिलसिले में कोर्ट परिसर में पहुंची थी और मेन गेट के प्रवेश द्वार के नजदीक ही महिला को गोली मारी गई। 22 अप्रैल 2022 को रोहिणी कोर्ट में फायरिंग की घटना हुई थी। वकील और कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी के बीच सुरक्षा जांच के दौरान कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद फायरिंग हुई। इस घटना में 2 वकीलों को गोली लगी थी। कोर्ट परिसर में फायरिंग के बाद हड़कंप मच गया था।

# पत्नी व 3 बच्चों की हत्या कर पति ने भी किया सुसाइड

नई दिल्ली। जौनपुर के मड़ियाहूं थाना क्षेत्र में के जयरामपुर गांव में आज सुबह एक ही परिवार के पांच लोगों का शव मिला। बताया जा रहा है कि पति ने पहले पत्नी की पीट-पीटकर की हत्या की, फिर तीन बच्चों को भी मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद खुद उसने भी सुसाइड कर लिया।



बुधवार सुबह 10 बजे तक जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई सोनू विश्वकर्मा ने डायल-112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में जब दरवाजा तोड़कर देखा गया तो घर के अंदर एक ही बेड पर तीनों बच्चों का शव पाया गया। बगल में चारपाई पर पत्नी राधिका का भी शव मिला। पत्नी के सिर पर चोट के निशान हैं। बच्चों का गला कपड़े की मदद से दबाया गया था। बाद में खुद पंखे के हुक में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

एक ही घर के पांच लोगों की हत्या की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है। पूरे गांव में मातम पसरा है। हलांकि घटना के पीछे की असल वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नागेश विश्कर्मा ने अपने पत्नी और तीन बच्चों की हत्या करके स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी ने ऐसा क्यों किया, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी हैं। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# भाजपा का चुनावी एजेंडा

प्रदेश भाजपा के नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का एजेंडा तय कर दिया है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस वक्त फुल एक्शन मोड में है। अपने दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक तमाम बड़े नेताओं से मिलकर एक-एक मुद्दे पर बड़े विस्तार से चर्चा की है। जिससे हर एक मुद्दे पर स्थिति पूरी तरह से साफ रहे कि किस मुद्दे पर किस तरह से आगे बढ़ा जाएगा। अभी बीते दिनों राज्य में लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसे मामलों की जो बाढ़ देखी गई थी भले ही अब उसका प्रवाह थम गया हो लेकिन इसके जरिए भाजपा ने जनता को जो संदेश देना था वह संदेश वह दे चुकी है। मुख्यमंत्री धामी द्वारा इन दोनों मुद्दों पर की गई कार्यवाही की जानकारी पार्टी के तमाम नेताओं को दी गई। वही मंत्रिमंडल विस्तार और कार्यकर्ताओं को दायित्वों के बटवारा भी जल्द करने पर विचार किया गया है। जिस यूसीसी कानून को लागू करने की घोषणा विधानसभा चुनाव से पूर्व की गई थी उसका ड्राफ्ट मिलने से पहले ही भाजपा ने अपने पक्ष में माहौल तैयार कर लिया है। निश्चित तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व राज्य में तो यूसीसी लागू होना तय है ही इसके साथ-साथ इसे कानूनी जामा राष्ट्रीय स्तर पर पहनाने की तैयारी भी मोदी सरकार द्वारा की जा रही है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करने और यूसीसी कानून लाने जैसी उपलब्धियों को ही चर्चाओं के केंद्र में रखा जाना तय है। वही वोटों के ध्रुवीकरण से जुड़े और हार्ड हिंदुत्व की मूल धारणा को मजबूती देने वाले लैंड जिहाद और लव जिहाद के मुद्दों को भी धार देने का काम इस चुनाव में किया जाएगा। भाजपा विपक्षी दलों को कमजोर करने की अपनी पुरानी रणनीति पर भी मजबूती से काम करेगी। 2024 के चुनाव से पूर्व उत्तराखंड ही नहीं अन्य सभी राज्यों में विपक्षी एकता को तहस-नहस करने के लिए विपक्षी दलों के प्रभावी नेताओं का भाजपा में दिल खोलकर स्वागत करने की तैयारियां कर ली गई है जिसकी शुरुआत हम महाराष्ट्र में एनसीपी के विभाजन से देख रहे हैं। अभी उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा जो बयान दिया गया था कि कांग्रेस के कई नेता उनके संपर्क में हैं जो भाजपा में आना चाहते हैं उनका यह बयान बेवजह नहीं था। भले ही कांग्रेस के नेता इसका पुरजोर तरीके से खंडन कर रहे हो लेकिन इस सच्चाई को वह भी जानते हैं कि कांग्रेस के कुछ बड़े नेता अपनी उपेक्षा को लेकर लंबे समय से आहत है और यदि पार्टी के शीर्ष नेताओं का उनके प्रति वैसा ही रवैया रहता है तो वह कभी भी कांग्रेस को टा-टा बाय-बाय कह सकते हैं। 2016 में एक दर्जन भर बड़े नेताओं के भाजपा में जाने के बाद भी कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं। भले ही यशपाल आर्य और डॉ हरक सिंह जैसे नेताओं की कांग्रेस में वापसी हो गई हो लेकिन कांग्रेसी नेता आज तक इन्हें खुले मन से स्वीकार नहीं कर पाए हैं जो कांग्रेस की एक बड़ी कमजोरी है। दरअसल प्रदेश कांग्रेस की इस स्थिति के लिए खुद कांग्रेसी जिम्मेदार है लेकिन भाजपा के लिए उनकी यह रणनीति न सिर्फ पूर्व समय में कारगर सिद्ध हुई थी अपितु भविष्य में भी लाभकारी रहती दिख रही है। सभी प्रदेशों के हालात भले ही थोड़े थोड़े अलग हो लेकिन भाजपा ने जो 2024 के लिए अपना चुनावी एजेंडा तय किया है और वह जिस आक्रामक अंदाज में उस पर आगे बढ़ रही है विपक्ष उसके मुकाबले में कहां टिकता है यह भविष्य ही बताएगा।

# तीन स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। वाहन चोरों ने तीन स्थानों से तीन स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगल मण्डी निवासी सादिक हुसैन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। वहीं नीलम अवस्थी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी दून चिकित्सालय की पार्किग में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वहां पर पहुंची तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। वहीं खुडबुडा मौहल्ला निवासी सनी सिंह ने राजीव गांधी काम्पलैक्स से अपनी स्कूटी चोरी होने का मुकदमा कोतवाली में दर्ज कराया। पुलिस ने तीनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

विभिक्तारै हवामहे वसीश्चत्रस्य राधसः।
सवितार नृचक्षसम्।।

(ऋ० १.२२.७)

सर्वज्ञ सर्वान्तर्यामी परमेश्वर सब मनुष्यों को उनके कर्मो के अनुसार अनेक प्रकार का धन देता है जिस धन से मनुष्य अपने लोक और परलोक को सुधर सकते हैं। ऐसे धन को मद्य, मांस-सेवन और व्यभिचारादि पाप कर्मों में कभी नहीं लगाना चाहिये, किन्तु धार्मिक कामों में ही खर्च करना चाहिये, जिससे मनुष्य का यह लोक और परलोक सुधर सके

# संजय चोपड़ा के जन्मदिवस पर किया वृक्षारोपण

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापारी एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपडा के जन्मदिवस पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

आज यहां उत्तराखंड राज्य में लगभग 22 वर्षों से रेड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को संगठित कर संघर्ष करते चले आ रहे आंदोलनकारी पूर्व मंडी अध्यक्ष लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के जन्मदिवस सार्वजनिक तौर पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक कार्यकर्ता ने सादगी के साथ मनाया। संयुक्त रूप से बेल वाला पार्क, अलकनंदा घाट, गंगा वाटिका मां गंगा के किनारे फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज मंडल ने संजय चोपड़ा की जीविका पर प्रकाश डालते हुए कहा उत्तराखंड राज्य के कोने- कोने में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को पहचान दिलाने में संजय चोपड़ा द्वारा वर्ष 2001 में छोटा सा संगठन बनाकर शुरूआत हरिद्वार से की गई थी। आज पूरे उत्तराखंड में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारी केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में निर्विघ्न रुप से अपना कारोबार



संचालित कर रहे हैं यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि का श्रेय लघु व्यापारी नेता संजय चोपड़ा को जाता है। लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रदेश के संगठन मंत्री राजेंद्र पाल ने कहा नेता संजय चोपड़ा के जन्मदिवस को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाए जाने के संकल्प के साथ समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के इस अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए कहा सभी सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सावन के इस पवित्र महीने में वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में दूरदराज से आने वाले कांवड़ियों को भी मां गंगा के संरक्षण हरिद्वार तीर्थ की मर्यादा बनाए रखने के लिए जन जागरण अभियान चलाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किए जाने का यह मिशन जारी रहेगा। वृक्षारोपण करते सामाजिक कार्यकर्ताओं में श्रीमती पूनम माखन, नंदकिशोर नंदू, प्रद्युमन सिंह, कमल पंडित, हेमंत कुमार, मोहनलाल, सचिन राजपूत, चंदन सिंह रावत, वीरेंद्र प्रभात, तस्लीम अहमद, नईम सलमानी, ओमप्रकाश भाटिया, मानसिंह, सचिन बिष्ट, कुंवर सिंह मंडवाल, आजम अंसारी, कामिनी मिश्रा, सीमा देवी, पुष्पा दास, संगीता चौहान, मंजू पाल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# स्कूटी सवार बदमाशों ने लूटी चैन

संवाददाता

देहरादून। सांय को टहल रही महिला के गले से स्कूटी सवार बदमाशों ने चैन लूट ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर बद्रीश कालोनी निवासी विरेन्द्र सिंह नेगी ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत सॉय लगभग साढे छह बजे जब उसकी पत्नी श्रीमति जगदेवी नित्य की भांति अन्य दो पास की महिलाओ के साथ बद्रीश कालोनी पानी की टंकी के पास घूमने जा रही थी तो अचानक स्कूटी सवार दो लोगो ने झपट्टा मारकर उसकी पत्नी के गले से चैन छीन कर ऊपर जंगल की ओर फरार हो गये उसकी पत्नी ने शोर भी मचाया। लेकिन तब वह आंखों से ओझल हो गये थे।

# सरस्वती विहार में घरों में घुसा बरसात का पानी

संवाददाता

देहरादून। ड्रेनेज व्यवस्था सही ना होने के कारण सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द में तेज बारिश के चलते घरों में पानी घुसने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया।



गत रात से हो रही तेज बारिश की वजह से सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द में सड़कों पर भारी मात्रा में पानी आ गया है और उसकी पर्याप्त मात्रा में निकासी ना होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुस गया जिसके कारण लोगों में डर का माहौल व्याप्त है। सरस्वती विहार विकास समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि पानी अधिक बरसने की वजह से सरस्वती विहार के ब्लॉक ए लेन नंबर- 2, ब्लॉक बी, ब्लॉक इ टेनी स्कॉलर एकेडमी के पास, ब्लॉक सी लेन-1, लेन-2, ब्लॉक डी, न्यू डी ब्लॉक व ब्लॉक इ के कुछ हिस्सों में जलभराव हुआ है, अगर ऐसी ही बारिश होती रही तो आगे और भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिसके लिए कॉलोनी के लोग आशंकित है। भंडारी ने कहा कि कई वर्षों से कॉलोनी की ड्रेनेज व्यवस्था के लिए शासन प्रशासन से मांग कर चुके हैं जिसका एस्टीमेट भी शासन के पास है लेकिन आज तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिसके चलते बरसातों में हमेशा लोगों में डर का माहौल रहता है कि कभी भी कोई भी अनहोनी हो सकती है, उन्होंने पुन: शासन से मांग की कि कॉलोनी की ड्रेनेज व्यवस्था के लिए अविलंब ठोस प्रयास किये जाय।

# 'विभिन्न मुद्दों को लेकर दस जुलाई को होगा सीएम आवास कूच'

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के आहवान पर विभिन्न संगठनों व दलों ने बैठक कर दस प्रतिशत क्षेतिज आरक्षण सहित राज्य के विभिन्न मुद्दों को लेकर दस जुलाई को मुख्यमंत्री आवास कूच की रणनीति बनायी।

आज यहां शहीद स्मारक देहरादून में उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद द्वारा एक बैठक जारी की गई। जिसमें कई सामाजिक संगठन व कई राजनीतिक दल शामिल रहे। जिसमें उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के संरक्षक नवनीत गुसाई ब प्रदेश अध्यक्ष विपुल नौटियाल जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार द्वारा कई विभिन्न मांगों को लेकर जैसे कि 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मूल



निवास चिन्हकरण व पेंशन पट्टा धारा 371 को लेकर विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों के साथ मिलकर चर्चा की गई जिसमें सभी संगठनों की सहमति द्वारा यह निर्णय लिया गया जिसमें उत्तराखंड महिला मंच की संयोजक निर्मला बिष्ट, नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल, कांग्रेस पार्टी से सुरेंद्र अग्रवाल, उत्तराखंड क्रांति दल से विजेंद्र रावत, जनवादी महिला संगठन से इंदू नौटियाल, एसएफआई से लेखराज व अनंत आकाश, संयुक्त मंच से कांति कुकरेती अंबुज शर्मा, राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के बालेश बवानिया, जगमोहन रावत, सदीप पटवाल, सुशीला भट्ट, राजेश पानतरी, जगमोहन रावत, पुष्पलता वैश्य, नरेंद्र नेगी, जिती चौहान, रामपाल, सुशील विरमानी, सुखबीर चौहान, लाखन चीलवाल, हल्द्वानी से यह लोग इस बैठक में शामिल हुए। वह सब की सहमति से दस जुलाई को मुख्यमंत्री आवास के घेराव हेतु समर्थन देने की पूरे प्रदेश वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी करें अगर सरकार आंदोलनकारियों की यह मांगे नहीं मानती तो आंदोलनकारी व सामाजिक संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# युवती का रास्ता रोक गाली गलौच करने पर दो के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (सं)। युवती का रास्ता रोककर उसके साथ गाली गलौच करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतीत नगर निवासी युवती ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार से घर की तरफ जा रही थी तभी अभय व शुभम ने उसको पीछा करते हुए उसको रास्ते में रोक लिया। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने लांघा तिराहे के पास चैकिंग के दौरान एक बिना नम्बर की स्विफ्ट कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। पुलिस ने कार में सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 150 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम राशिद अली पुत्र आशिक अली निवासी पठानपुरा सहारनपुर व जावेद पुत्र सलीम निवासी बेहट सहारनपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# चोरी की साईकिल के साथ एक गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चोरी की साईकिल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशविला रोड निवासी शिवम नैथानी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि कोई उसके घर से उसकी रॉक राइडर साईकिल चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी तो पुलिस ने पथरियापीर के पास चोरी की साईकिल के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पार्छा पुत्र ज्ञानचंद निवासी पथरियापीर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# स्कूटी चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने खुले स्थान से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेल रोड निवासी नीरू शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से दून अस्पताल चौक तक आयी थी तथा उसने अपनी स्कूटी दून तिराहे के पास जूस की दुकान के बाहर खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)।। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने डीबीएस स्कूल के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 60 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम दुष्यंत कुमार पुत्र हरज्ञान सिंह निवासी बिजनौर बताया। वहीं प्रेमनगर थाना पुलिस ने मोहनपुर के पास से 64 पव्वे शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम वीर बहादुर पुत्र श्यामू निवासी लक्ष्मीपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# प्रेगनेंट महिलाओं को एक्सरसाइज से कब बना लेनी चाहिए दूरी

कभी-कभी गर्भस्थ शिशु और मां के स्वास्थ्य को देखते हुए गर्भावस्था में एक्सरसाइज करने के लिए सख्त मनाही की जाती है। प्रेग्नेंसी में एक्सरसाइज शुरू करने से पहले और इसमें कोई भी बदलाव करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी होता है।

यहां हम आपको बता रहे हैं कि गर्भावस्था में कब और किस समय एक्सरसाइज नहीं करना चाहिए।

गर्भावस्था में एक्सरसाइज करने के फायदे

प्रेग्नेंसी में व्यायाम करने से मां और बच्चे दोनों को कई तरह के फायदे मिलते हैं, जैसे कि :

*कमर दर्द, कब्ज, पेट फूलने और सूजन से राहत मिलना

*मूड और एनर्जी लेवल में सुधार आना

*अच्छी नींद आना

*अधिक वजन बढ़ने से बचाव

*मांसपेशियां मजबूत होना

इसके अलावा प्रेग्नेंसी में रोज एक्सरसाइज करने से जेस्टेशनल डायबिटीज का खतरा कम हो सकता है और प्रसव के समय में भी कमी आ सकती है। एक्सरसाइज से सिजेरियन डिलीवरी के जोखिम को भी कम किया जा सकता है।

प्रेग्नेंसी में कब नहीं करनी चाहिए एक्सरसाइज

अमेरिकन कॉलेज ऑफ ऑब्सटेट्रिशियंस एंड गायनेकोलोजिस्ट का मानना है कि प्रेग्नेंसी में निम्न स्थितियों में एरोबिक एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए।

*फेफड़ों एवं हार्ट से जुड़ी कुछ प्रकार की बीमारियां

*गर्भाशय ग्रीवा की अपर्याप्तता

*जुड़वा या दो से ज्यादा बच्चे होने पर नौ महीने से पहले डिलीवरी होने का जोखिम (प्रीटर्म लेबर)

*प्रेग्नेंसी की दूसरी तिमाही और



गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में लगातार ब्लीडिंग होना

*प्रेग्नेंसी के 26वें हफ्ते के बाद प्लेसेंटा प्रीविया

*प्रीक्लैंप्सिया या जेस्टेशनल हाइपरटेंशन (प्रेग्नेंसी में हाई बीपी)

*गंभीर रूप से एनीमिया

एक्सरसाइज शुरू करने से पहले क्या करें

कुछ अन्य विशेष स्थितियों में आपको सावधानी के साथ एक्सरसाइज करने की जरूरत होती है। एनीमिया, दिल की धड़कन अनियमित होना, लंबे समय से ब्रोंकाइटिस, टाइप 1 डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का अनियंत्रित होना, मोटापा या अंडरवेट होना, पहले गतिहीन जीवनशैली जीना, वर्तमान की प्रेग्नेंसी में इंट्रायूट्राइन ग्रोथ रिस्ट्रिक्शन, हड्डियों या जोड़ों में चोट लगना, दौरे पड़ना, हाइपरथायराडिज्म का कंट्रोल न होना और पहले बहुत ज्यादा धूम्रपान करती हों तो प्रेग्नेंट महिला को डॉक्टर की देखरेख में ही एक्सरसाइज करनी चाहिए।

गर्भावस्था में एक्सरसाइज से नुकसान होने के संकेत

अगर डॉक्टर आपको एक्सरसाइज करने की अनुमति दे देते हैं और आपको गर्भावस्था के दौरान शारीरिक व्यायाम करने पर यहां बताए गए संकेत महसूस हो रहे हैं तो उन्हें नजरअंदाज बिल्कुल न करें।

इसमें भ्रूण की मूवमेंट में कमी आना, चक्कर आना या बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, घबराहट, पिंडलियों में दर्द या सूजन, योनि से खून आना, सीने में दर्द, बार-बार पेट में दर्द या संकुचन होना, योनि से स्राव होना और सांस फूलना शामिल है।

यदि गर्भावस्था में व्यायाम करने पर ऐसा कुछ महसूस हो रहा है तो तुरंत डॉक्टर को बताएं।

शारीरिक बदलावों से लड़ने में मदद

नियामित व्यायाम से आपको प्रेग्नेंसी में होने वाले शारीरिक बदलावों से लड़ने में मदद मिलती है। इससे आगे आने वाली प्रेग्नेंसी से जुड़ी जटिलताओं के लिए भी शरीर और दिमाग दोनों ही मजबूत होते हैं। अगर आप प्रेग्नेंट हैं और आपने अब तक एक्सरसाइज शुरू नहीं की है तो डॉक्टर की सलाह पर अभी इसे शुरू कर दें।

गर्भावस्था में एक्सरसाइज करना मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद होता है।

# 2 मिनट से ज्यादा ब्रश नहीं करना चाहिए

हम शारीरिक रूप से स्वस्थ्य हैं या नहीं यह काफी ज्यादा महत्व रखता है ठीक उसी तरह हमारा ओरल हेल्थ भी मायने रखता है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अगर आप मुंह को ठीक ढंग से साफ नहीं करेंगे तो दिल की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में यह सबसे जरूरी है कि आप अपने फिटनेस से लेकर यानि हेल्थ से लेकर ओरल हेल्थ की सफाई काफी ज्यादा जरूरी है। कुछ लो ऐसे भी हैं जिन्हें काफी देर तक ब्रश करना पसंद है क्योंकि उन्हें लगता है कि देर तक ब्रश रगड़ने से दांत साफ हो जाता है। लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यह कॉमन सी दिखने वाली गलतियां आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है।

दांतों को साफ रखने के फायदें

सही तरीके से अगर आप ब्रश करते हैं तो दांतों में प्लाक की दिक्कत नहीं हो सकती है।

दांतों की कैविटी को वक्त रहते रोका जा सकता है।

मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों को वक्त रहते रोका जा सकता है।

ओरल कैंसर का जोखिम भी कम रहता है।

कितनी देर तक ब्रश करना चाहिए

रिपोर्ट के मुताबिक रोजाना एक दिन में 2 बार ब्रश करना चाहिए। साथ ही 2 मिनट से ज्यादा ब्रश नहीं करना चाहिए।



अगर आप इससे ज्यादा देर तक अपने दातों पर रगड़ते रहेंगे तो दांतों में जमा प्लाक को हटा नहीं पाएंगे। 2009 में आई एक रिसर्च के मुताबिक कुछ लोग ब्रश करने में सिर्फ 45 सेकेंड लेते हैं। ऐसा करने से आपके दांत का इनैमल खराब हो जाता है।

किस तरह का टूथब्रश दांतों के लिए अच्छा होता है

दांतों को साफ करने के लिए हमेशा सॉफ्ट ब्रिसल्स वाले टूथब्रश के ही इस्तेमाल करना चाहिए। हार्ड ब्रिसल्स की वजह से दांतों को इनैमल खराब हो सकते हैं। साथ ही मसूड़ों में भी दिक्कत शुरू हो सकती है। इसलिए अगर ब्रश के ब्रिसल्स खराब होने लगे तो उसे तुरंत ठीक करवाएं।

कैसा टूथपेस्ट इस्तेमाल करना चाहिए?

ऐसा टूथपेस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए जिसमें फ्लोराइड की मात्रा एकदम सही हो। एडल्ट लोगों के टूथपेस्ट में 1350 पीपीएम फ्लोराइड होना चाहिए। वहीं 6 साल से कम उम्र के बच्चे के टूथपेस्ट में 1000 पीपीएम फ्लोराइड होना चाहिए। 3-6 साल के बच्चों के मटर के दाने के इतना ही टूथपेस्ट देना चाहिए।

ब्रश करने के बाद माउथवॉश का इस्तेमाल करना सही है?

अगर आप फ्लोराइड वाले माउथवॉश का इस्तेमाल करते हैं तो दांतों में सड़न की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन ब्रश के तुरंत बाद माउथवॉश का इस्तेमाल न करें क्योंकि टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने के बाद दांतो पर जो फ्लोराइड जमता है माउथवॉश उसे बहा ले जाता है।

# बिहार में भाजपा की मुश्किल

बिहार की मीडिया में और देश भर की सोशल मीडिया में इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि अगले चुनाव में कितने सांसदों की टिकट कट जाएगी। एक सूची भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है, जिस पर कई लोकप्रिय यूट्यूब चैनलों में चर्चा हुई। जो सूची चर्चा में है उसमें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्वी चंपारण के सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब सीट के सांसद रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री व बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे, केंद्रीय मंत्री और आरा के सांसद आरके सिंह, शिवहर की सांसद रमा देवी, केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह आदि के नाम हैं। अपनी सुविधा के हिसाब से कुछ लोग इसमें नाम जोड़ या घटा रहे हैं।

लेकिन भाजपा के जानकार सूत्रों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर या लगभग सभी सांसदों को फिर से टिकट मिलेगी। अगर किसी की टिकट कटती है तो उसकी सीट पर उसकी पसंद से उम्मीदवार तय किया जाएगा। कई जगह नेताओं के बेटे या बेटियों को टिकट देने की चर्चा है। बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे अपने बेटे शाश्वत के लिए टिकट चाहते हैं। उम्र या परफॉरमेंस के आधार पर उनकी टिकट कटती है तो उनके बेटे को टिकट मिल सकती है। इसी तरह बाकी सीटों पर भी भाजपा को एडजस्टमेंट करनी है।

ऐसी इसलिए नहीं होगा कि पार्टी को इन सांसदों के चेहरे बहुत पसंद हैं या इन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। इसका कारण मजबूरी है। अगर नीतीश कुमार का भाजपा के साथ तालमेल बना रहता तब निश्चित रूप से इन सबकी टिकट कट जाती। फिर भाजपा जिसको चाहती उसको उम्मीदवार बनाती और वह नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार नाम पर जीत जाता। लेकिन अब नीतीश कुमार की पार्टी भाजपा के साथ नहीं है। वह 2014 की तरह अलग भी नहीं लड़ रही है, बल्कि राजद और कांग्रेस के साथ तालमेल करके लड़ रही है। इसलिए आमने सामने की लड़ाई में भाजपा एकाध सीटों को छोड़ कर ज्यादातर सीटों पर अपने किसी भी पुराने नेता की टिकट काटने की हिम्मत नहीं कर पाएगी।

बिहार भाजपा के सामने मुश्किल है कि उसके पास स्वतंत्र रूप से या अपने दम पर लड़ने वाले नेताओं की कमी है। विकल्प की कमी के कारण वह सांसदों की टिकट काटने में असमर्थ है। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि अगर कोई लहर होती तो किसी की टिकट काटने से फर्क नहीं पड़ता। लेकिन बिहार में कोई लहर नहीं है। राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट के गठबंधन के मुकाबले भाजपा को अपनी छोटी गठबंधन सहयोगियों के साथ एक एक सीट पर मुश्किल लड़ाई लड़नी है। इसलिए वह पुराने, मंजे हुए और सक्षम नेताओं की टिकट नहीं काट सकती है। उसकी मजबूरी है कि वह अपने दम पर लड़ सकने वाले मजबूत नेताओं को टिकट दे। रविशंकर प्रसाद, आरके सिंह जैसे दो चार नेता अपवाद हैं, जिनकी जमीनी राजनीति पर पकड़ नहीं है लेकिन बाकी नेता मजबूत जमीनी पकड़ वाले हैं। वे हारें या जीतें यह अलग बात है लेकिन किसी नए नेता के मुकाबले उनकी स्थिति मजबूत रहेगी।( आरएनएस)

# चौबीस का एजेंडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते हुए सवाल किया है कि 'दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा?' भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपनाई जा रही तुष्टिकरण की नीति देश के लिए 'विनाशकारी' है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है।

उन्होंने पूछा कि घर-परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पाएगा? फिर ऐसी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? उन्होंने स्मरण कराया कि भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है।

यदि इस बात को ध्यान में रखकर काम किया गया होता तो आज वे लोग, जिन्हें निहित स्वार्थी लोग भड़का रहे हैं, शिक्षा और नौकरियों के मामले में पिछड़े न होते। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से दो टूक अपना मत व्यक्त किया है, उससे साफ हो गया है कि आम चुनाव 2024 में सत्ताधारी भाजपा गठबंधन इसी मुद्दे पर चुनाव मैदान में उतरेगा। वैसे भी यह भाजपा का परंपरागत मुद्दा रहा है। दरअसल, भाजपा के तीन चुनावी मुद्दे रहे हैं जिन्हें मूर्ताकार करने का संकल्प वह अपने घोषणा पत्र में करती रही है।

दो चुनावी मुद्दों-जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुचछेद 370 का खात्मा और अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करना-को वह पूरा कर चुकी है। बाकी रहा यूसीसी को लागू करना। इसे लेकर प्रधानमंत्री ने अब स्पष्ट कह दिया है। इससे लगता है कि आगामी चुनाव भाजपा वह इसी मुद्दे पर लड़ेगी। हालांकि विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन कर राजनीति करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस, जदयू, द्रमुक और एआईएमआईएम का आरोप है कि प्रधानमंत्री मोदी वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं।

कांग्रेस ने पूछा है कि यूसीसी लागू करना ही था तो नौ साल से उनकी सरकार है, पहले ही कर सकते थे। लेकिन जैसे ही चुनाव आता है, उन्हें ये सब चीजें याद आने लगती हैं। बहरहाल, इतना तय है कि भाजपा इसी मुद्दे को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी। मुस्लिमों के एक बड़े हिस्से पसमांदा, जो मुस्लिम वर्ग का 80 फीसद हैं, की कमजोर आर्थिक और शैक्षणिक दशा का जिक्र करके पीएम मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि चुनाव में भाजपा इसी वर्ग की बेहतरी के नाम पर ताल ठोकेगी।( आरएनएस)

# इयरफोन, कहीं गंभीर समस्या का कारण ना बन जाए!



आज के इस दौर में हम सब इयरफोन के इतने आदी हो चुके हैं कि अगर हम अपना इयरफोन कहीं भूल जाते हैं तो किसी और का इस्तेमाल करने लगते हैं। ऐसा करना आपके लिए घातक साबित हो सकता है। जी हां, दूसरे का इयरफोन इस्तेमाल करने से आप बेहरेपन के शिकार हो सकते हैं। तो अगर आप भी ऐसा कुछ कर रहें हैं तो सावधान हो जाइए।

क्या कहते हैं जानकार

इयरफोन को लेकर डब्ल्यूएचओ ने दावा किया है कि इयरफोन के ज्यादा इस्तेमाल के कारण दुनिया भर में लगभग 100 करोड़ युवाओं की सुनने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। इसके साथ ही स्टडी में बताया गया है कि अगर कोई भी इंसान दो घंटे से ज्यादा और 90 डेसिबल से अधिक इयरफोन में तेज आवाज में गाना सुनता है तो उसे सुनने में दिक्कत हो सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं इयरफोन के ज्यादा इस्तेमाल से आपको दिल की बीमारियां भी हो सकती है और दिमाग पर इसका नेगेटिव असर पड़ सकता है।

इन्फेक्शन का खतरा

ऑनलाइन जर्नल ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि इयरफोन का बराबर इस्तेमाल करना कान में बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ा सकता है। कान में मौजूद मैल सिर्फ चिपचिपा नहीं होता बल्कि उसमें अत्यधिक बैक्टीरिया भी पाया जाता है। ओआरएल हेड नेक नर्सिंग के एक अध्ययन ने ये साबित भी कर दिया कि अगर आपने किसी के साथ इयरफोन शेयर कर लिया तो इन्फेक्शन का खतरा बढ़ सकता है और ये एक इंसान से दूसरे इंसान तक फैल सकता है।

इयरफोन में लगी रबड़ गंदगी को आसानी से निकलने नहीं देती है और उसी में फंसी रहती है जिसकी वजह से बैक्टीरिया बनने लगता है। कानों में माइक्रोबियल फ्लोरा आमतौर पर स्यूडोमोनस और स्टेफिलोकोकस होते हैं। इसीलिए जब आप किसी के साथ इयरफोन शेयर करते हैं तो बैक्टीरिया आपके कान में फैल सकता है और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा अगर आपके कान में किसी भी प्रकार की चोट या कट लगा है तो आपको कई तरह के स्किन इन्फेक्शन हो सकता है।

इयरफोन से हो सकते हैं ये सारे भी खतरें

इसके अलावा जब आप आपने इयरफोन को बहुत सारे जगहों पर देते हैं तो इससे उसमें जर्म्स लग सकते हैं किसी और का इयरफोन इस्तेमाल करने से आपको फंगस, ब्लैकहेड्स और स्पॉट जैसी समस्याएं हो सकती है। इसलिए अपने इयरफोन को समय-समय पर साफ करते रहें, ताकि इन्फेक्शन से बचा जा सके।( आरएनएस)

# एनटीआर जूनियर ने देवरा का एक और शेड्यूल किया पूरा



आरआरआर से धूम मचाने वाले एक्टर एनटीआर जूनियर ने अपनी अपकमिंग फिल्म देवरा का एक और शेड्यूल पूरा कर लिया है।

यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा है और इसमें एक्शन सीक्वेंस केनी बेट्स और वीएफएक्स ब्रैड मिनिच द्वारा डिजाइन किए गए हैं।

टीम ने हैदराबाद में शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों से जुड़े रोमांचक एक्शन सीक्वेंस शामिल थे और यह दो सप्ताह तक चला।

देवरा के जरिए एनटीआर जूनियर ब्लॉकबस्टर हिट जनथा गैराज के फिल्म निर्माता कोराताला शिवा के साथ फिर से काम कर रहे हैं।

फिल्म में एनटीआर जूनियर के अलावा, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

फिल्म के निर्माताओं ने म्यूजिक कंपोजिशन, एडिटिंग और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के लिए इंडस्ट्री के दिग्गजों को शामिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

एनटीआर आर्ट्स के हरि कृष्ण के और युवासुधा आर्ट्स के सुधाकर मिक्कीलिनेनी द्वारा निर्मित देवरा 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## शब्द सामर्थ्य -067

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 66 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# भोला शंकर का टीजर जारी, पावर पैक भूमिका में नजर आए चिरंजीवी

मेगास्टार चिरंजीवी को उनके पुराने स्टाइलिश मास अवतार में देखना हमेशा एक आकर्षक अनुभव होता है। निर्देशक मेहर रमेश भोला शंकर में चिरंजीवी को एक पावर-पैक भूमिका में पेश कर रहे हैं, जो मेगास्टार के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म का जन-आकर्षक टीज़र आज लॉन्च किया गया है।

टीज़र की शुरुआत एक वॉयसओवर से होती है जिसमें कहा जाता है कि एक व्यक्ति ने 33 लोगों को बेरहमी से मार डाला है और कोलकाता पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। टीज़र चिरंजीवी के एक्शन से भरपूर अवतार को दिखाने के लिए आगे बढ़ता है क्योंकि वह अपना स्वैग दिखाते हैं और गुंडों को उनकी मांद में मारने के लिए तैयार हो जाते हैं। टीज़र में कीर्ति सुरेश, तमन्ना भाटिया और सुशांत जैसे अभिनेताओं द्वारा निभाए गए अन्य पात्रों का भी परिचय दिया गया है।

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने टीज़र के बारे में कहा, मेहर रमेश इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहते थे और चिरंजीवी को एक पुराने सामूहिक अवतार में दिखाना चाहते थे। वह फिल्म में प्रभावशाली संवाद और शक्तिशाली एक्शन दृश्यों को जोड़कर चिरंजीवी को एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति देना चाहते थे। चिरंजीवी के चरित्र को सही ऊंचाई देने के लिए थीम गीत जोड़ा गया था। कुल मिलाकर, वह एक ऐसा टीज़र बनाने के इच्छुक थे जो उत्साह बढ़ा दे। बाकी कलाकारों की बात करें तो फिल्म में रघु बाबू, मुरली शर्मा, रविशंकर, वेनेला किशोर, तुलसी, सुरेका वाणी, श्री मुखी, हाइपर आदि, विवा हर्ष, प्रदीप, अनी, बिथिरी साथी, सत्या, वेणु टिल्लू, थगुबोटु रमेश, रश्मी गौतम, उत्तेज, वीर, शाहवर अली और तरुण अरोड़ा गेटअप श्रीनु भी हैं। तकनीकी दल के बारे में बात करते हुए, डुडले ने सिनेमैटोग्राफी की है जबकि महती स्वरा सागर ने बैकग्राउंड स्कोर तैयार किया है। मार्तंड के वेंकटेश संपादक हैं, जबकि एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सत्यानंद की कहानी और तिरुपति ममीडाला के संवादों के साथ, फिल्म में कार्यकारी निर्माता के रूप में किशोर गैरीकिपति हैं। रामब्रह्मम सुनकारा और अनिल सुनकारा की एके एंटरटेनमेंट्स द्वारा निर्मित, भोला शंकर का काम पूरा होने वाला है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस से पहले 11 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है।

# सोनम कपूर की ब्लाइंड जियो सिनेमा पर 7 जुलाई को होगी रिलीज

सोनम कपूर पिछले लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं। उन्हें पिछली बार द जोया फैक्टर में देखा गया था। ऐसे में सोनम के प्रशंसक उनको पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। मौजूदा वक्त में सोनम फिल्म ब्लाइंड को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म सीधा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख और प्लेटफॉर्म की घोषणा कर दी है। सोनम की ब्लाइंड जियो सिनेमा पर आएगी। फिल्म का प्रीमियर 7 जुलाई से किया जाएगा। ब्लाइंड का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें सोनम काफी डरी हुई लग रही हैं। जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, कभी-कभी सत्य को देखना कठिन होता है। क्या आप उसकी दुनिया के अंधेरे में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं? ब्लाइंड एक कोरियन मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म का हिंदी रीमेक है। इसमें पूरब कोहली, पाठक विनय, लिलेट दुबे और शोम मखीजा भी हैं।

# द केरला स्टोरी की एक्ट्रेस अदा शर्मा इंटरनेशनल फिल्म में बनेंगी सुपरहीरो



द केरला स्टोरी की सफलता से उत्साहित अदा शर्मा जल्द ही एक इंटरनेशनल प्रोडक्शन में काम शुरू करने वाली हैं। एक्ट्रेस फिल्म में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाएंगी। अदा ने इसकी पुष्टि की, लेकिन डिटेल्स को छिपाए रखने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने हमेशा महिला सुपरहीरो को बहुत अच्छा पाया है और मैं केवल इतना कह सकती हूं कि हां, मैं इसकी भूमिका निभा रही हूं और मैं जल्द ही इसके बारे में और चीजें साझा करने का इंतजार नहीं कर सकती। एक्शन एक ऐसी शैली है जिसका हिस्सा बनकर मुझे वास्तव में मजा आता है। उन्होंने आगे कहा, मुझे अलग-अलग तरह की भूमिकाएं करना पसंद है और मैं खुशकिस्मत हूं कि लोग अलग-अलग किरदारों के लिए मेरे बारे में सोच रहे हैं। द केरला स्टोरी के बाद मैंने सोचा कि यह बहुत अलग होगा। मैं किसी प्रोजेक्ट के बारे में तभी बात करना पसंद करती हूं, जब उसका ट्रेलर आता है। मैं जल्द ही इस पर और अधिक जानकारी साझा करूंगी। इस बीच, द केरला स्टोरी ने भारतीय घरेलू बाजार में 238 करोड़ रुपये की कमाई की है।

# ऋतिक रोशन ने जारी किया फाइटर का पहला लुक



ऋतिक रोशन पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फाइटर की तैयारियों में जुटे हुए थे। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनेता दीपिका पादुकोण के साथ नजर आने वाले हैं, जिसका प्रशंसक भी काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। आज अभिनेता ने फिल्म से अपना पहला लुक साझा कर दिया है, जिसे देख प्रशसंक भी उत्सुक हो गए हैं। इसके साथ ही अभिनेता ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है।

ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह अकेले ही नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता की पीठ कैमरे की ओर है और वह एयरफोर्स सूट पहने हुए लड़ाकू विमानों के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने एक लड़ाकू विमान के सामने के हिस्से को छू रहा है। इसके साथ उन्होंने बताया कि फाइटर की रिलीज में 7 महीने हैं और यह 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में आएगी।


फाइटर का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिनके साथ ऋतिक पहले भी 2 फिल्मों में काम कर चुके हैं। दोनों ने 2014 में बैंग बैंग और 2019 में वॉर में साथ काम किया था। अब तीसरी बार दोनों के इस सहयोग को लेकर दर्शक भी उत्साहित हैं। इसी तरह दीपिका के साथ सिद्धार्थ की पठान के बाद यह दूसरी फिल्म है। फिल्म में दीपिका और ऋतिक के अलावा अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं। फाइटर भारत की पहली हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी होने का भी वादा करती है। इस साल अप्रैल में एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग भी की गई है।

के अनुसार, ऋतिक और सिद्धार्थ फाइटर के लिए अब तक का सबसे बड़ा क्लाइमेक्स शूट करने के लिए तैयार हैं। इस क्लाइमेक्स की 120 घंटे से अधिक समय तक शूटिंग होगी, जिसमें फिल्म का लगभग 25 मिनट का स्क्रीन टाइम लगेगा। इसके लिए टीम हवाई शॉट्स के साथ-साथ हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट शूट भी करेगी।

सिद्धार्थ द्वारा निर्देशित फाइटर यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित है। इसके निर्माण के लिए भारी भरकम बजट का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे लगभग 250 करोड़ रुपये के बजट के साथ भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है।

दीपिका अमिताभ बच्चन और प्रभास के साथ प्रोजेक्ट के में नजर आने वाली हैं। फिलहाल अभिनेत्री इसी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। इसके अलावा वह द इंटर्न और रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में भी दिखाई देंगी। ऋतिक की बात करें तो वह वॉर 2 में नजर आने वाले हैं, जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी करने वाले हैं। हाल ही में खबर आई थी वॉर 2 में कियारा आडवाणी की शामिल हो गई हैं।

# ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस पहन अवनीत कौर ने गिराई हुस्न की बिजलियां



बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपनी ओर लुभा रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके कातिलाना अंदाज ने लाखों फैंस के दिल धड़का दिए हैं। अवनीत कौर इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। महज 21 साल की उम्र में एक्ट्रेस ने अपने नए लुक्स से फैंस को दीवाना बना रखा है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनके किलर अंदाज को देखकर फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अवनीत कौर ने अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इन लुक में बेहद ही सिजलिंग हॉट और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। आप देख सकते हैं एक्ट्रेस इस आउटफिट में अपनी परफेक्ट टोन्ड बॉडी जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

# प्रभास की प्रोजेक्ट के का हिस्सा बने कमल हासन

नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रोजेक्ट के पिछले काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है। इसमें जहां प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं काफी समय से कमल हासन के भी इसका हिस्सा होने की खबरें आ रही थीं। ऐसे में आज निर्माताओं की ओर से टीजर जारी कर हासन के फिल्म से जुड़ने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है।

वैजयंती मूवीज ने ट्विटर पर फिल्म के निर्माताओं की ओर से एक टीजर जारी कर हासन के फिल्म के जुड़ने का ऐलान किया है। इसमें अभिनेता की कई सारी तस्वीरें दिखाई गई हैं और उनका फिल्म में स्वागत किया है। हासन इस साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म में पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसका सामना प्रभास से होगा। अभिनेता के फिल्म का हिस्सा बनने की खबर सामने आने के बाद से प्रशंसक उन्हें बधाई दे रहे हैं।

हासन के फिल्म से जुड़ने की घोषणा होने के बाद बिग बी ने ट्वीट कर लिखा, आपका स्वागत है कमल। आपके साथ दोबारा काम करके बहुत अच्छा लगा। काफी समय हो गया! इसके अलावा प्रभास ने लिखा, ऐसा पल जो हमेशा मेरे दिल में रहेगा। दिग्गजों के साथ काम करना शब्दों से परे सम्मान की बात है। कमल सर प्रोजेक्ट के में। सिनेमा के दिग्गज के साथ सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिलना सपने के सच होने जैसा है।

निर्देशक अश्विन ने कहा, कमल सर जैसे अभिनेता के लिए, जिन्होंने कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाई हैं। कुछ नया करने का प्रयास करना बहुत बड़ा सम्मान है। हम बेहद उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि वह इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए सहमत हुए। निर्माता अश्विनी दत्त ने कहा, किसी भी निर्माता के लिए हासन और बच्चन साहब के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण क्षण है। मेरे करियर के 50वें वर्ष में यह मेरे लिए एक आशीर्वाद है।

अश्विन प्रोजेक्ट के को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं और ऐसे में वह इसके लिए हर संभव कोशिश करने में जुटे हुए हैं। इस पैन इंडिया परियोजनाओं में हासन और प्रभास आमने-सामने होंगे, जिसे देखना वास्तव में प्रशंसकों के लिए दिलचस्प होगा। फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी कर ली है, लेकिन अभी दीपिका और अमिताभ के साथ शूटिंग बाकी है, जिसमें कुछ हफ्तों का समय लगेगा।

वैजयंती मूवीज की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रोजेक्ट के की आधिकारिक घोषणा की गई थी। यह फिल्म 2 भागों में रिलीज होगी, जिसकी पहली किस्त अगले साल मकर संक्रांति के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस पैन इंडिया फिल्म को हिंदी सहित तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म को अस्थायी रूप से प्रोजेक्ट के के नाम से बुलाया जा रहा है और अब जल्द ही इसे एक नया नाम मिल सकता है।

# इस उपलब्धि से ईर्ष्या क्यों है पाकिस्तान को

आचार्य पवन त्रिपाठी

६० की उम्र पार कर चुके लोगों के जेहन में 1971 की कुछ यादें अभी भी ताजा होंगी। जब रोज सुबह आनेवाले अखबारों में खबरें छपती थीं कि पाकिस्तान के समर्थन में अमेरिका का सातवां बेड़ा निकल चुका है, या यहां-वहां पहुंच गया है। उसी अमेरिका की संसद में भारतीय प्रधानमंत्री के लगभग एक घंटे के भाषण पर 79 बार तालियां बजना और 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिलना आश्चर्यजनक नहीं है क्या? है। दुनिया मान भी रही है। लेकिन भारत के कुछ लोग यह मानने को तैयार नहीं हैं।

आज के युग में दुनिया के किसी भी देश के लिए विदेश नीति के मोर्चे सफल होना सबसे बड़ी जरूरत होती है। इसी से उसकी आर्थिक-सामाजिक प्रगति जुड़ी होती है। विदेश नीति कोई एक दिन में परवान चढ़नेवाली चीज नहीं होती। इसके लिए कई मोर्चों पर सतत प्रयास करने पड़ते हैं। अलग-अलग देशों के साथ बड़ी सावधानी से कदम बढ़ाने पड़ते हैं। खासतौर से तब जब रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी स्थिति चल रही हो। ऐसे में आप रूस से कच्चा तेल भी खरीद रहे हों, यूक्रेन से बात भी कर रहे हों, और अमेरिका की संसद में तालियां बटोरकर स्टैंडिंग ओवेशन भी ले रहे हों, तो यह आश्चर्यजनक नहीं लगता क्या? ये आश्चर्यजनक उन्हीं को नहीं लगता, जिनकी आंखों पर मोदी विरोध की पट्टी बंधी हुई हो। भारत जैसा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश आज तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि उसे साधनों-संसाधनों के मोर्चे पर अन्य सक्षम देशों से तकनीकी मदद न मिल पाए। ये मदद कोई यों ही तो नहीं कर देता।

विदेश नीति सीधा लेन-देन का विषय है। सामनेवाले को हम ताकतवर दिखाई देंगे, तो ही वह हमसे हाथ मिलाने को तैयार होगा। वरना मेहरबानी का लाल गेहूं तो 196० में भी अमेरिका से हम पाते ही रहे हैं। आज हाथ मिलाना तो बहुत पीछे छूट चुका है। अब तो पैर छुए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सलाह पर सिडनी में लखनऊ की चाट और जयपुर की जलेबियां खाई जा रही हैं, और अमेरिकी संसद में उनके भाषण पर तालियां पीटी जा रही हैं, ऑटोग्राफ लिए जा रहे हैं। आज हम इस स्थिति में पहुंचे हैं, तभी भारत और अमेरिका एक साथ मिलकर पाकिस्तान को आतंकी गतिविधियां रोकने के लिए सख्त हिदायत देने की स्थिति में आ सके हैं।

याद है, कुछ वर्ष पहले हुआ अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का भारत दौरा। मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ओबामा से पाकिस्तानी आतंकवाद के बारे में बार-बार कोई टिप्पणी करवाने की कोशिश पर भी ओबामा ने पाकिस्तान के विरोध में एक शब्द नहीं बोला था। यहां तक कि 2०21 में हुई मोदी और बाइडन की पहली द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में भी पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया था। लेकिन गुरुवार को जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम लिया गया। भारत-अमेरिका के इस बदले हुए साझा रुख से पाकिस्तान की शहबाज सरकार की नींद उड़ गई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की है, और पाकिस्तान से साफ कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न हो। भारत-अमेरिका की इस दोस्ती ने विश्व मंच पर पाकिस्तान को अप्रासंगिक बना दिया है।

भारत-अमेरिका की इस शिखर वार्ता में चीन का खुलकर नाम भले न लिया गया हो, लेकिन संयुक्त बयान में कई ऐसे तथ्यों की ओर इशारा किया गया है, जो चीन की ओर ही इशारा करते हैं। बात रक्षा क्षेत्र में खरीदारी की हो, या संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में सुधार की, हर मोर्चे पर भारत को सफलता मिल रही है, और वह साफगोई के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एवं भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. के बीच हुआ समझौता साफ संकेत है कि रक्षा क्षेत्र में अमेरिका अब भारत को अहम तकनीक देने को भी तैयार है। यह तकनीक भारतीय सेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के काम आएगी। अब तक खरीदार एवं विक्रेता के रिश्तों से आगे बढ़ते हुए तकनीक ट्रांसफर तक पहुंचना हमारी विदेशनीति की एक बड़ी उपलब्धि है, और मानी जानी चाहिए। 31 प्रिडेटर ड्रोन की खरीद सहित रक्षा क्षेत्र में हुए कई और सौदों के कारण भविष्य में भारत अपने चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों पर बढ़त बनाने में कामयाब होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश जाते हैं तो वहां रह रहे भारतवंशी उनका बड़े उत्साह से स्वागत करते हैं। इसका कारण है पिछले कुछ वर्षों में उनका वहां बढ़ा सम्मान। इस सम्मान के साथ-साथ उनकी सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। पढ़ाई, नौकरी या व्यवसाय के लिए भारत से अमेरिका जाना आम बात है। इन उद्देश्यों से अमेरिका जानेवाले भारतवंशियों के लिए एच-1बी वीजा का नवीकरण एक बड़ा मुद्दा रहा है। एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियां अपने विदेशी कर्मचारियों के लिए जारी करती हैं। ये वीजाधारक अपनी पत्नी-बच्चों के साथ अमेरिका में रह सकता है। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक अमेजान, इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी, अल्फाबेट और मेटा कंपनियां एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं। यह वीजा एक बार में तीन साल के लिए ही जारी किया जाता है। फिलहाल, इस वीजा के नवीकरण के लिए किसी दूसरे देश में स्थित अमेरिकी दूतावास की सेवाएं लेनी पड़ती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद बाइडन प्रशासन कुशल भारतीय कामगारों को अमेरिका आने और वहां बने रहने में मदद करने के लिए एच-1बी के वीजा नियमों में बदलाव करने जा रहा है।

अमेरिका में रहनेवाले हजारों भारतीय अब वहां रहते हुए ही अपने एच-1बी वीजा का नवीकरण करवा सकेंगे। अमेरिकी प्रशासन की नीति में इस बदलाव के बाद यह लाभ भारतीयों के साथ-साथ अन्य देशों के निवासियों को भी मिलेगा। विदेश में रह रहे भारतवंशियों को मिलनेवाली इन्हीं सुविधाओं का नतीजा है कि अनेक देशों में प्रधानमंत्री मोदी अपनी इतनी बड़ी-बड़ी सभाएं कर डालते हैं, जितनी भारत के कई नेता भारत में भी नहीं कर पाते।

# कन्हैया को रोकने में लगी दिल्ली कांग्रेस!

सीपीआई छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए फायरब्रांड युवा नेता कन्हैया कुमार को कांग्रेस में उन्हीं मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जो बाहर से आने वाले किसी दूसरे नेता को होती है। कांग्रेस के नेता उनको कोई अहम पद दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं। जिस पद के लिए उनका नाम चल रहा है वहां उनका विरोध शुरू हो जा रहा है। उनको श्रीनिवास बीवी की जगह यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा चली थी, लेकिन कई नेताओं ने उसमें फच्चर डाल दिया है। इस वजह से फैसला अटका हुआ है। इसी तरह उनको दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की चर्चा शुरू हुई तो कांग्रेस के तमाम पुरान नेता अपनी आपसी दुश्मनी भूल कर उनको रोकने में लग गए। हालांकि कांग्रेस के कई नेता मान रहे हैं कि प्रवासी और मुस्लिम वोट कांग्रेस में वापस लाने में कन्हैया बेहतर चेहरा हो सकते हैं।

इसके बावजूद कांग्रेस आलाकमान उनके बारे में फैसला नहीं कर पा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल चौधरी का कार्यकाल पूरा हो गया है। और वैसे भी पिछले साल दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस की बुरी हार के बाद उनको बदलना तय था। लेकिन अभी तक फैसला नहीं हो पाया है। कांग्रेस में बरसों से दो खेमे थे। एक शीला दीक्षित का और दूसरा अजय माकन का। शीला दीक्षित के निधन के बाद उनका खेमा कमजोर हुआ था और माकन की ताकत बढ़ी। हालांकि पिछले कुछ दिनों से शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित सक्रिय हुए हैं। बताया जा रहा है कि संदीप दीक्षित और अजय माकन दोनों ने पुरानी दुश्मनी भूल कर साथ आ गए हैं ताकि कन्हैया कुमार को दिल्ली का अध्यक्ष बनने से रोका जा सके। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस नेताओं का विरोध देख कर कांग्रेस आलाकमान के लिए कन्हैया को नियुक्त करना मुश्किल हो रहा है।

## सू- दोकू क्र.067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.66का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# मौसम में अप्रत्याशित बदलाव से मौसम वैज्ञानिक भी हैरान

मौसम की आंखमिचौली से हर कोई हैरान है। देश के कुछेक हिस्सों में जहां प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हैं वहीं मूसलाधार बारिश के चलते पूर्वोत्तर के इलाकों में बाढ़ की दुरियां हैं।

एक खबर यह भी है कि करीब 62 साल बाद आर्थिक राजधानी मुंबई और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एकसाथ मानसून सक्रिय हुआ है। यानी इन दो जगहों पर बारिश एक साथ हो रही है। आमतौर पर मुंबई में मानसून दिल्ली के मुकाबले 15 दिन पहले आ जाता है। ज्ञातव्य है कि इससे पहले 21 जून, 1961 को दिल्ली और मुंबई में एकसाथ मानसून पहुंचा था।

बहरहाल, मौसम के बदलते स्वरूप के चलते उत्तर भारत में जहां सूर्य की तपिश से आमजन परेशान है वहीं पहाड़ी इलाकों में भारी बरसात के कारण हालात काफी भयावह हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश में 1०० से ज्यादा लोग लू लगने से मारे गए तो वहीं पहाड़ी राज्यों-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बादल फटने से हालात काफी खराब हो चले हैं। वहीं असम में बाढ़ से स्थिति बदतर है। राज्य में 61 राहत शिविरों में करीब 5० हजार से ज्यादा लोग शरण लिये हुए हैं। हाल के वर्षों में मौसम में अप्रत्याशित बदलाव से मौसम वैज्ञानिक भी हैरान हैं।

ऐसा कम ही बार देखा और महसूस किया गया कि मानूसन किसी खास इलाकों में काफी सक्रिय है तो कहीं हालात सूखे जैसे हैं। दरअसल, प्रकृति के साथ हमने जिस कदर खिलवाड़ किया है; यह सब उसी का नतीजा है। न तो हमने नदियों को तरीके से रखा और न पहाड़ों में उसके मूल स्वरूप में छोड़ा। प्रकृति के इन दो प्रमुख किरदार की हमने इज्जत नहीं की। यही कारण है कि कभी पहाड़ में प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाती है तो कभी मैदानी इलाकों में नदियां विकराल रूप धारण करती हैं।

नदियों की साफ-सफाई पर तो किसी का भी ध्यान नहीं है। कागजों पर सिर्फ योजनाओं को उकेरा जाता है। हकीकत में उसे बिसरा दिया जाता है। कुल मिलाकर प्रकृति के साथ अन्याय का ही नतीजा है कि हम विषम परिस्थितियों को झेल रहे हैं। अभी भी इतना कुछ प्रतिकूल होने के बावजूद न तो जनता खुद में सुधार करती दिखती है और न सरकारी संस्थाएं। प्रदूषण ने कितना नुकसान पहुंचाया है; इस तथ्य से हर कोई वाकिफ है। लिहाजा, हर किसी को अपनी जिम्मेदारी का अहसास करना होगा। हां, सुधार के लिए सरकार का मुंह ताकना कहीं से भी न तो न्यायोचित कहा जाएगा न समझदारी। (आरएनएस)

# सीख को जीना

स्वामी रामदास जी गांव-गांव जाकर प्रवचन देते थे। उनके भक्त रस ले लेकर उनकी बातों को सुनते थे और उसका पालन भी करते थे। एक दिन वह एक नए गांव में पहुंचे। संध्या समय जब वह प्रवचन कर रहे थे तो दो शरारती युवक वहां पहुंचे और तरह-तरह से शरारतें करके सभा में व्यवधान उत्पन्न करने लगे। उसके बाद भजन, कीर्तन में भी शोर मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गांव वाले उनके स्वभाव से परिचित थे अत: उनके डर से कोई कुछ नहीं बोल रहा था। जब कई दिन ऐसे ही बीत गए और वह स्वामी जी को क्रोध नहीं दिला पाए तो वह लज्जित होकर स्वामी जी से बोले-स्वामी जी, हम आपको और आपके भक्तों को इतना परेशान करते हैं, परंतु आप सदा मुस्कुराते ही रहते हैं। क्या आपको कभी क्रोध नहीं आता। स्वामी जी मुस्कुराते हुए कहने लगे-मेरे बच्चों, यदि मैं स्वयं पर ही नियंत्रण न रख सकूं, तो फिर तुम सबको क्या सिखा पाऊंगा। मेरा आत्मबल और स्वयं पर नियंत्रण ही तुम जैसे भटके हुए युवकों को सद्मार्ग पर लाता है।

प्रस्तुति : मुकेश कुमार जैन

# भटक रहे नेपाली बच्चे को सकुशल पहुंचाया उसके घर

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। शहरी क्षेत्र में भटक रहे एक नेपाली नाबालिग बालक को एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा उसको सकुशल नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जिससे वह अपने घर पहुंच सके।

जानकारी के अनुसार बीती 3 जुलाई को पिथौरागढ़ की एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (ए.एच.टी.यू.) टीम को पिथौरागढ़ शहर क्षेत्रान्तर्गत एक नाबालिक बालक भटकता हुआ मिला। जिस पर टीम द्वारा उक्त बालक को



चाइल्ड हेल्प लाइन के सुपुर्द किया गया। जिनके द्वारा बालक की काउन्सलिंग की गयी तो बालक ने अपना नाम महेश कुमार निवासी ग्राम पातन, भूलभुलैया जिला बैतड़ी नेपाल बताया। बताया कि वह कुछ दिन पूर्व काम की तलाश में भारत आया था परन्तु अब वह अपने घर नही जा पा रहा है। जिस पर बीते रोज ए.एच.टी.यू. व चाइल्ड हेल्प लाइन टीम द्वारा उक्त बालक को सरकारी वाहन में बैठाकर सकुशल नेपाल बॉर्डर पर ले जाकर नेपाल पुलिस के माध्यम से उसके घर भिजवाया गया है। टीम के इस मानवता भरे कार्य की स्थानीय लोगों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाए उत्तराखंड के काफल

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राज्य के प्रसिद्ध फल काफल भेंट किये जो प्रधानमंत्री को इतन भाए की उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भेजा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किये गए उत्तराखंड के प्रसिद्ध फल काफल के प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित अपने पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखण्ड से भेजे गए रसीले और दिव्य मौसमी फल 'काफल' प्राप्त हुए। हमारी प्रकृति ने हमें एक से बढ़कर एक उपहार दिए हैं और उत्तराखण्ड तो इस मामले में बहुत धनी है, जहां औषधीय गुणों से युक्त कंद-मूल और फल-फूल प्रचुर



## मुख्यमंत्री धामी को प्रधानमंत्री ने भेजा धन्यवाद पत्र

मात्रा में पाए जाते हैं। काफल ऐसा ही एक फल है जिसके औषधीय गुणों का उल्लेख प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी मिलता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि काफल उत्तराखण्ड की संस्कृति में भी रचा बसा है। इसका उल्लेख विभिन्न रूपों में यहां के लोकगीतों में भी पाया जाता है। उत्तराखण्ड जाएं और वहां मिलने वाले विभिन्न प्रकार के पहाड़ी फलों का स्वाद ना लें, तो यात्रा अधूरी लगती है। गर्मियों के मौसम में पक कर तैयार होने वाले काफल राज्य में आने वाले पर्यटकों में भी खासे लोकप्रिय हैं। अपनी बढ़ी हुई मांग के कारण मध्य हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाला यह फल स्थानीय लोगों को आर्थिक मजबूती भी प्रदान कर रहा है। मुझे खुशी है कि काफल के लिए उपयुक्त बाजार सुनिश्चित कर गुणों से भरपूर इस फल को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बाबा केदार और भगवान बद्री विशाल से उत्तराखंड के लोगों के कल्याण और राज्य की समृद्धि की कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री के पत्र हेतु हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के इन स्नेहपूर्ण शब्दों से हमारा तथा समस्त राज्यवासियो का उत्साहवर्धन हुआ है।

# चोरी की बाइक सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बाइक चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चुरायी गयी बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 3 जुलाई को सौरभ कुमार निवासी श्यामनगर द्वारा कोतवाली गंगनहर में उत्तराखण्ड पुलिस एप्प के माध्यम से शिकायत दर्ज की गई थी कि उसकी बाइक किन्ही अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा 2 आरोपियों विवेक पुत्र जिनेश्वर निवासी ग्राम बहेडकी सैदाबाद थाना झबरेड़ा व कुलदीप पुत्र सतीश कुमार निवासी अम्बेडकर नगर सुनहरा रोड गंगनहर कोतवाली को चोरी हुई बाइक सहित मतलबपुर तिराहा गंगनहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने किया विभिन्न स्थानों का निरीक्षण, अधिकारियों को लगायी फटकार



संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने भारी बारिश के चलते शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करने के साथ ही धीमी गति से कार्य करने पर यूयूएसडीए के अधिकारियों को फटकार लगायी।

आज यहां जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने रिस्पना से बंजारावाला, कारगी चौक, जोगीवाला, 6 नंबर पुलिया, सहत्रधारा क्रॉसिंग , सर्वे चौक, परेड ग्राउंड, राजपुर रोड, प्रिंस चौक, हरिद्वार रोड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य स्थल पर बने रहने के निर्देश दिए। धीमी कार्य प्रगति पर यूयूएसडीए के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये।

# जमीन पर कब्जा करने व मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। जमीन पर कब्जा करने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साकेत कालोनी राजपुर रोड निवासी किशनलाल गौतम ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज वह लोग मजदूर मिस्त्रीयों से अपने प्लाट में दीवार करवा रहे थे लगभग डेढ बजे राजकुमार राणा, दिनेश राणा, पंकज, कपिल लगभग 10 औरतों एंव 18-20 गुन्डो के साथ आये और दीवार तोड़ दी पहले डम्पर, टैक्टर हटाकर मारने के लिए प्लाट खाली किया गया फिर चिल्लाकर गालियां देते हुए बोले तुम्हे जमीन पर निर्माण नहीं करने देगें, राजकुमार, दिनेश ने गालिया देते हुए अपरिचित लोगो के साथ मिलकर मारना शुरु कर दिया उसको तथा बिजली मरम्मत का काम करने वाले अखिलेश पर टूट पड़े उसकी पत्नी की साथ भी गाली गलौज व दुर्व्यहार किया गया। उसको व अखिलेश को डंडो, ईटों से मारा दोनो को गम्भीर चोंटे आयी जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में मेडिकल करवाया गया एक फोन भी लूट लिया गया राजकुमार ,दिनेश कुमार ,विनय राठी ने उसकी सम्पत्ति पर कब्जा कर रखा है वह जब भी निर्माण शुरु करता है उसको निर्माण नही करने देते। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बारिश के पानी में तैरता दिखा दून.. ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

की गई उसका नतीजा यह रहा है कि हर गली-मोहल्ले और बाजार में पानी ही पानी हो गया। किसी के घर में पानी घुस गया तो किसी की दुकान में पानी घुस गया।

बीते 5 सालों से दून को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर जो कुछ किया गया उससे ऐसा लगता है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर 14 सौ करोड़ रुपए पानी में बहा दिए गए हैं। कहा जा रहा था कि बरसात शुरू होने से पहले दून की सड़कें चकाचक हो जाएगी लेकिन इन सड़कों की हालत अब ऐसी हो गई है कि इन पर चलना भी मुश्किल हो गया है। मानसूनी दौर की शुरुआत में अगर स्मार्ट सिटी के हालात ऐसे हैं तो आगे क्या होगा? यह सोचकर दून वासियों का परेशान होना स्वाभाविक है।

## एसटीएफ ने 25000 का ईनामी गौ... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर द्वारा 30 जून 2023 को 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। पिछले 03 माह में फरारी के दौरान आरोपी उत्तराखण्ड व यूपी के कई स्थानों छिपा रहा।

एसटीएफ की इस कार्यवाही में दरोगा केजी मठपाल, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह व आरक्षी गुरवंत सिंह की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा यह भी बताया गया कि हमारी एक टीम विगत एक माह से इस शातिर ईनामी अपराधी युसुस पर काम कर रही थी जिसके ऊपर उ.प्र. व उत्तराखण्ड में गौकशी व मारपीट के कई मुकदमें पंजीकृत हैं। एसटीएफ ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# रेस्टोरेन्ट में पार्टनरशिप के नाम पर ठगे बीस लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। रेस्टोरेन्ट में पार्टनरशिप करने के नाम पर बीस लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मां बेटे पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोहडी रोड जाखन निवासी विजय अग्रवाल ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह पिछले कुछ वर्षो से श्रीमती रितु चौधरी पत्नी रविन्द्र चौधरी को जानता एंव पहचानता था. आज से लगभग पाँच माह पूर्व श्रीमती रितु चौधरी अपने पुत्र तुषार चौधरी के साथ उसके इंद्रेश नगर स्थित ऑफिस मे आये और कहने लगे कि उनके द्वारा एक रेस्टोरेन्ट 'द वेल स्ट्रीट' स्थित इन्द्र बाबा मार्ग जाखन में सचांलन किया जा रहा हैं। परन्तु कुछ निजी कारणों के कारण आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है जिस कारण उक्त रेस्टोरेन्ट का किराया का भुगतान कुछ समय से नही हो पा रहा है, बिजली भी कट गयी है व न ही कर्मचारियों का वेतन का भुगतान हो पा रहा है, अगर उसके द्वारा इस वक्त इन सब भुगतानों का भुगतान नही हो पाया तो यह रेस्टोरेंट बन्द हो जायेगा व इस वक्त अगर वह उनकी बीस लॉख रूपये की मदद कर दे तो वह उसको उक्त रेस्टोरेंट में बराबर का भागीदार बना देगें। उसको उनका प्रस्ताव ठीक लगने पर उसके द्वारा शर्त रखी गई की उक्त रेस्टोरेंट में भागीदार तभी बनेगा जब वह सम्पत्ति के (रेस्टोरेंट) के मूल मालिको द्वारा उनके नाम पर भी किरायानामा अंकित होगा एंव इस भागीदारी के सम्बन्ध में एक पार्टनरशिप ड्रीड अंकित की जायेगी। जिस पर श्रीमती रितु चौधरी एंव तुषार चौधरी द्वारा उसकी शर्त के अनुपालन हेतु कुछ समय मांगा गया। उसने बताया कि उसके बाद दोनों मां बेटे उसके पास आये और किरायेनामा व पार्टनरशिप डिड के कागजात लेकर आये जिसपर उसके हस्ताक्षर कराये गये। जिसके बाद विश्वास होने पर उसने उनको बीस लाख रूपये अलग-अलग अदा कर दिये। कुछ समय वह रेस्टोरेन्ट में नही जा पाया। लेकिन अब जब वह वहां पर गया तो उसको पता चला कि मां बेटे ने उक्त रेस्टोरेन्ट किसी अन्य लोगों को किराये पर दे दिया है जिन्होंने उसको अन्दर नहीं घुसने दिया। जब उसने रितु चौधरी व उसके बेटे को वहां पर बुलाया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद उसको पता चला कि मां बेटे ने उसके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

# ब्रिटेन में भारतीय मूल के कनाडाई गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 25 साल के भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है । ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रविवार (2 जुलाई) को एक 25 वर्षीय भारतीय-कनाडाई व्यक्ति को घातक रूप से गोली मार दी गई थी। मरने वाले की पहचान कर्णवीर सिंह गारचा के रूप में की गई, जो एक गैंगस्टर था। स्थानीय पुलिस ने कहा कि रविवार रात 9.20 बजे के करीब, कोक्विटलम शहर में रॉयल



कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की टुकड़ी ने गोलीबारी की घटना होने के बाद मौके पर पहुंची, जहां कर्णवीर सिंह को गंभीर रूप से घायल देखा, जिसके बाद उसकी जान बचाने के लिए अस्पताल में भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन गंभीर घायल कर्णवीर सिंह की मौत हो गई। पुलिस का मानना है, कि कर्णवीर सिंह की हत्या में उसके जानने वाले लोग ही शामिल हो सकते हैं, लिहाजा उसके करीबियों से पूछताछ की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है, कि कर्णवीर जिस गिरोह से जुड़ा था, वो डकैती, तस्करी, नशीली दवाओं के व्यापार और कई हिंसक घटनाओं से जुड़ा हुआ था।

# उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत !

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की शाम को मेहनगर थाना क्षेत्र (आजमगढ़) के मोहम्मदपुर नियामतपुर गांव के सिवान में भैंस चराने गए पांच लोगों में से चार लोगों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इसके साथ ही जिले के देवगांव कोतवाली के अन्तर्गत कोटा खुर्द गांव में भी वज्रपात से सुनील कुमार (50) की मौत हो गई जो अपने खेत में काम कर रहे थे। रौनापार थाना क्षेत्र के हैदराबाद गांव के भी एक शख्स की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जान चली गई।



आकाशी बिजली गिरने से गाजीपुर में भी चार लोगों की मौत हुई है। जिले के बड़ापुरा निवासी इकराम अंसारी (28) और नूरुदीनपुरा निवासी नसीरुद्दीन उर्फ बाबू (55) अपने अन्य साथियों के साथ मंगलवार की शाम स्नान करने के लिए चीतनाथ घाट पर थे। उसी समय गिरी बिजली की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। अन्य तीन लोग बाल-बाल बच गए। एक अन्य घटना में शादियाबाद थाना क्षेत्र के जौलहटा निवासी सूरज राजभर (10) और जमानियां क्षेत्र के तियरी गांव की रहने वाली दुर्गा देवी (48) की मंगलवार शाम को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। इसके अलावा सैदपुर क्षेत्र में बिजली की जद में आए चार दोस्त झुलस गए। तीन आंशिक रूप से घायल हुए हैं। गाजीपुर के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के फुल्ली गांव में भी आकाशीय बिजली से एक शख्स के झुलसने की सूचना है।

# मणिपुर में नहीं थम रही हिंसाः आज दो स्थानों पर हुई रुक-रुककर गोलीबारी

इंफाल। हिंसाग्रस्त मणिपुर में बुधवार तड़के दो स्थानों पर पर रुक-रुक कर गोलीबारी हुई, लेकिन इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हिंसा प्रभावित इलाकों में तैनात सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मंगलवार शाम में भी सात बजे से आठ बजे के बीच खोइजुमतंबी इलाके में मैतेई और कूकी समुदायों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी की घटना हुई थी। सूत्रों ने बताया कि मंगवार रात में कुछ देर तक चली गोलीबारी थोड़ी देर में शांत हो गई और किसी



के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं दूसरी घटना बुधवार सुबह करीब 4:30 बजे फेलेंग के पूर्व में रिज लाइन पर दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि इसमें भी किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मालूम हो कि मणिपुर में बीते 3 मई को भड़की मैतेई और कूकी जनजातिय हिंसा में अब तक करीब 120 लोगों की जान जा चुकी है और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस हिंसा में अब तक लगभग 50 हजार से ज्यादा लोगो को बेघर होना पड़ा है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में3 मई को पहाड़ी जिलों में श्आदिवासी एकजुटता मार्चश के बाद हिंसक झड़पें हुईं थी। जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने चार दिनों के लिए राज्य का दौरा किया और पूर्वोत्तर राज्य में शांति वापस लाने के प्रयासों के तहत विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाकात की लेकिन बावजूद उसके हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

# कार खाई में गिरी एक ही परिवार के दो लोगों की मौत, एक घायल

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक कार के खाई में गिर जाने से जहां एक ही परिवार के मां-बेटे की मौत हो गयी वहीं एक बेटा गम्भीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया और मृतकों व घायलों को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर उसे हायर सेन्टर रैफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार आज सुबह चिन्यालीसौड़ ब्लाक के बड़ेथी बनचोरा मोटर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से 500 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। जिससे कार में सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ के जवानों ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर मृतकों व घायल को बाहर निकाला और घायल को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेन्टर रैफर कर दिया गया है। दोनो मृतक मां-बेटे है जबकि घायल व्यक्ति मृतक युवक का बड़ा भाई बताया जा रहा है। मृतकों की पहचान पवना देवी पत्नी रुकम सिंह व विकास सिंह पुत्र रुकम सिंह के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति का नाम भूपेन्द्र सिंह पुत्र रुकम सिंह ग्राम इंद्रा, चिन्यालीसौड़ बताया जा रहा है।

# युवती से मारपीट में पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। युवती के साथ मारपीट करने पर पिता सहित दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंसल ग्रीन वैली निवासी कविता देवी ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति शरद रावत व उसके रिश्तेदार भरत सिंह रावत ने उसकी पुत्री मुस्कान के साथ गाली गलौच कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत




संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरंजनपुर निवासी साक्षी वर्मा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पापा आज शाम करीब साढे बजे के लगभग देशी शराब के ठेके मंडी चौक के बाहर गाडी (अपने निजी वाहन से ) उतरने के बाद थोडी दूर चले तभी कोई अंजान वाहन ने उनको टक्कर मार दी और वहां से भाग गया। उसके पापा को जब घर ले जाकर जिला अस्पताल दून में ले जाया गया तो डाक्टर के कथनानुसार उनका निधन हो चुका था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मासूम बालिका पर गुलदार ने किया हमला, दहशत में ग्रामीण

हमारे संवाददाता

पौड़ी। राज्य में इन दिनों मानव व वन्यजीव संघर्ष लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ताजा मामला पौड़ी जनपद से सामने आया है जहां शहर से सटे चंदोला राई गांव में चार साल की बच्ची पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले से बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। जिसका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। वहीं गुलदार के हमले के बाद ग्रामीण दहशत में है। हालांकि वन विभाग की टीमें मौके पर मौजूद है।



जानकारी के अनुसार नेपाली मूल का अमर सिंह नामक व्यक्ति जो चंदोला राई गांव में रहता है और मजदूरी का काम करता है। देर साय लगभग आठ बजे उसकी चार वर्षीय बेटी ऋतु पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमला उस समय हुआ जब बच्ची अपनी मां के साथ बाहर आयी थी। स्वजनों के हो हल्ला करने पर गुलदार भाग निकला। बच्ची को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम प्रधान संतोषी देवी ने बताया कि आए दिन गुलदार क्षेत्र में दिखाई देता है। घटना की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन जिला चिकित्सालय पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में रात को ही टीम भेज दी गई थी। फिलहाल ग्रामीणों में भय का माहौल है।

# मोबाइल लूट का आरोपी दबोचा



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मोबाइल लूट मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक लुटेरे को लूटे गये मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामला मंगलौर कोतवाली क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 3 जुलाई को मौहल्ला मानक चौक निवासी एक महिला द्वारा मंगलौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कर बताया गया था कि एक अज्ञात व्यक्ति कस्बा मंगलौर में उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गया है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मोबाइल लुटेरे की तलाश शुरू कर दी गयी। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपी फिरोज पुत्र शहीद निवासी मोहल्ला सराय अजीज कस्बा को लूटे हुए मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*